10 लाख रु. फिरौती मांगने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

जयपुर । मुहाना थाना इलाके में एक युवक का किडनैप कर 10 लाख रुपए की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। मारपीट कर बदमाश जबरन कार में डालकर किडनैप कर ले गए। वॉट्सऐप कॉल कर 10 लाख रुपए की फिरौती नहीं देने पर हत्या करने की धमकी दी।

मुहाना थाना पुलिस ने तुरंत लोकेशन के आधार पर किडनैप युवक को सुरक्षित छुड़वाकर तीन बदमाशों को राउंडअप किया है। मामले में फरार बदमाशों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है।

पुलिस ने बताया कि शिव शक्ति विहार मुहाना निवासी हंसराज जाट ने मामला दर्ज करवाया कि सुमेर नगर विस्तार मानसरोवर में उनका एचडी बार एंड रेस्टोरेंट चलता है। इसमें पीपलू टोंक निवासी मनीष चौधरी काम करता है। गुरुवार रात करीब 11 बजे बेलेनो कार और 2 बाइक पर 6-7 बदमाश आए। बार के बाहर से मारपीट कर मनीष को जबरन कार में डालकर किडनैप कर ले गए।

मुहाना थाना पुलिस ने युवक का अपहरण करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया।

करीब आधे घंटे बाद बदमाशों ने वॉट्सऐप कॉल किया। मनीष को छोड़ने के बदले 10 लाख रुपए की फिरौती मांगी। रुपए नहीं देने पर मनीष को जान से मार डालने की धमकी दी।

- **पुलिस ने अपहृत युवक को सकुशल छुड़ाकर आरोपियों को दबोचा**

बार संचालक ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना की। मुहाना थाना पुलिस ने लोकेशन के आधार पर बदमाशों को ट्रेस करना शुरू किया। पुलिस टीम ने किडनैप मनीष को सुरक्षित छुड़वा तीन बदमाशों को पकड़ लिया।

मामले में फरार बदमाश और मास्टर माइंड की तलाश की जा रही है। इस मामले में पुलिस ने 20 वर्षीय लोकेश गडवानी निवासी बैक कॉलोनी मुरलीपुरा स्कीम, 24 वर्षीय प्रेम गुप्ता निवासी चरण नदी मुरलीपुरा और 25 वर्षीय उमेश कुमार कुमावत निवासी महावीर नगर महारानी फार्म दुर्गापुरा को अरेस्ट किया है।

दिया कुमारी ने घायल लोगों की कुशलक्षेम पूछी

जयपुर (कासं)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को एसएमएस अस्पताल पहुंच कर शुक्रवार को जयपुर के भांकरोटा के पास एलपीजी गैस टैंकर हादसे का घायलो की कुशलक्षेम पूछी।

उन्होंने डॉक्टर्स को पूरी सावधानी बरतकर बेहतर उपचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि यह बेहद दु:खद घटना है। मुख्यमंत्री भी घटना होने वाले स्थान पर उस समय तुरंत पहुंचे। हम सब इस घटना को ले कर बहुत चिंतित हैं। डॉक्टर्स की टीम पूरी मेहनत कर रही है। मैंने डॉक्टर्स को अपनी तरफ से भी सुझाव दिए हैं। पूर्ण संवेदनशीलता से घटना में घायलों के बेहतर उपचार हेतु आवश्यक प्रयास किये जा रहे हैं।

दिया कुमारी ने कहा कि जिन घायलों की गंभीर स्थिति है उनके लिए अलग से स्थान निश्चित कर वहां विशेष आईसीयू बनाकर कर पूर्ण गहनता से उपचार किये जाने के हेतु मैने सुझाव दिया है। इसके लिए भी डॉक्टर्स प्रयास करेंगे। सरकार इस घटना के पीड़ितों की सहायता के लिए अपना पूरा प्रयास कर रही है।

अवैध जल कनेक्शनों को काटने में तेजी लाकर दोषियों पर कार्रवाई करें : सावंत

ग्रीष्म ऋतु के प्रस्ताव 5 जनवरी तक भिजवाएं : प्रमुख सचिव

जयपुर । जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए. सावंत ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु 2025 के लिए प्रस्ताव आगामी 5 जनवरी तक प्रस्तुत किए जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अवैध जल कनेक्शन काटने में तेजी लायीं जाए एवं संबंधित दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि अवैध जल कनेक्शन काटते समय लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बनती है तो उसके बारे में उच्च स्तर पर बताया जाए जिससे उच्च स्तर पर पुलिस को कठोर कार्रवाई करने के लिए अवगत कराया जा सके।

सावंत शनिवार को जल भवन से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मुख्य अभियंता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, साहित अधिशाषी अभियंताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी संचालन एवं संधारण कार्यों जैसे पंप मोटर, पाइपलाइन, इलेक्ट्रिक आइटम, पैनल एवं हेड पंप रिपेयर सहित जल योजनाओं के ओ एंड एम की रेट कांट्रेक्ट के टेंडर जो आगामी समय में पूर्ण होने जा रहे हैं उनकी निविदाएं 31 दिसंबर तक हर हालात में आमंत्रित कर ली जाए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिशाषी अभियंताओं को खंड कार्यालय से सामान की मांग का आकलन कर एम.एम सेल के ऑनलाइन मॉड्यूल पर 31 दिसंबर तक भिजवाने के निर्देश दिए।

जलदाय विभाग के प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए. सावंत ने शनिवार को अधिकारियों की बैठक ली।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि सभी अधीक्षण अभियंता अपने-अपने क्षेत्र में ऐसी 10 जगह चिन्हित कर ले जहां ग्रीष्म ऋतु में अक्सर पेयजल की समस्या रहती हैं जिससे आगामी ग्रीष्म ऋतु में इन समस्याओं का समाधान समय रहते हुए किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से पेयजल का परिवहन किया जाना है ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए प्रस्ताव 5 जनवरी तक हालात में भिजवाए जाना सुनिश्चित करें। वीडियो कांफ्रेंस में मुख्य अभियंता (ग्रामीण) के.डी गुप्ता, मुख्य अभियंता (शहरी) मनीष बेनीवाल सहित अन्य अभियंता उपस्थित रहे।

सहकारिता आंदोलन में जिला सहकारी संघों की महत्वपूर्ण भूमिका : भोमाराम

जयपुर । राजस्थान राज्य सहकारी संघ लि, जयपुर के प्रशासक एवं अतिरिक्त रजिस्ट्रार भोमा राम ने कहा कि सहकारिता आंदोलन में प्रशिक्षण की भूमिका महत्वपूर्ण है, क्योंकि सहकारिता किसी बाह्य स्त्रोत से संचालित नहीं होता है। इसमें सभी सदस्य मिलकर निर्णय लेते हैं, कार्ययोजना बनाते हैं और स्वयं के हित में लागू करते हैं। यह "एक सबके लिये, सब एक के लिये" के मूल मंत्र से संचालित आंदोलन है।

नेहरू सहकार भवन स्थित सभागार में शनिवार को राजस्थान राज्य सहकारी संघ के 67वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुये भोमा राम ने कहा कि संघ के जिला इकाई सदस्यों के माध्यम से शीघ्र ही सहकारी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के लिये प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन प्रारम्भ किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रयास से स्थानीय परिवेश में सहकारिता के मूल सिद्धान्तों के परिपेक्ष्य में सदस्यों के अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में अवगत कराया जायेगा ताकि वे अपना सक्रिय योगदान दे सकें।

उन्होंने सहकारी संघ के इतिहास पर प्रकाश डालते हुये बताया कि सहकारिता द्वारा प्रदेश के ख्यातनाम राजनीतिज्ञ दिये हैं, जिन्होंने विभिन्न उच्च पदों को सुशोभित किया है। उन्होंने सहकारी संस्थाओं के मध्य सहयोग पर जोर देते हुये कहा कि अब समय आ गया है कि सहकारी संस्थायें अपने स्थानीय उत्पादों की अन्तरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच को सुनिश्चित करें ताकि सदस्य को उसका सीधे रूप से पूरा मूल्य मिल सके।

राजस्थान राज्य सहकारी संघ का स्थापना दिवस समारोह मनाया।

सहकारी संघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर. एस. चौहान ने कहा कि प्रदेश के सहकारी उद्यिमयों को अपने उत्पादों को अन्तरराष्ट्रीय बाजार में विक्रय करने और अधिक रोजगार उत्पन्न करने के लिये उन्हें राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लि. (एन.सी.ई.एल.) से जुडना चाहिये ताकि उन्हें बेहतर अवसर मिल सकें। चौहान ने कहा कि प्रदेश में ऑर्गेनिक प्रॉडक्टस के लिये असीम संभावनायें हैं।

प्रदेश के कई क्षेत्रों में जैविक खेती की जाती है, लेकिन उनके जैविक उत्पादों को उचित मूल्य एवं बाजार उपलब्ध नहीं हो पा रहा था, इसके लिये भारत सरकार की पहल पर राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लि. (एन.सी.ओ.एल.) संस्था का गठन किया गया है। प्रदेश के जैविक उत्पादों के क्रय-विक्रय का कार्य करने वाली सहकारी संस्थाओं को एन.सी.ओ.एल से जुडना चाहिये ताकि उनके सदस्यों को उत्पादों का अच्छा मूल्य मिल सके।

भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ के कार्यकारी निदेशक रीतेश डे ने कहा कि राजस्थान इतिहास, संस्कृति और पुरासंपदा के साथ विषम परिस्थितियों के साथ आगे बढने वाला प्रदेश है। एनसीयूआई महिलाओं, युवाओं सहित सभी हुनरमंद लोगों के लिये हाट के माध्यम से प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है। साथ ही उनमें उद्यमशीलता एवं लीडरशिप का विकास करने के लिये प्रशिक्षण भी प्रदान करता है। उन्होंने आव्हान किया कि सभी मिलकर अधिकतम युवाओं को सहकारिता की मूल भावना से परिचित करायें और उन्हें सहकारिता से जोडे।

'अजमेर रोड हादसे के पीड़ित परिवारों के साथ है सरकार'

जयपुर । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने शनिवार को एसएमएस अस्पताल का दौरा कर अजमेर रोड सड़क हादसे में घायलों की कुशलक्षेम जानी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार हादसे के पीड़ित परिजनों के साथ खड़ी है। सरकार की ओर से हादसे में घायलों की हर संभव मदद की जाएगी। आगजनी में गंभीर रूप से झुलसे लोगों के इलाज के साथ भाजपा सरकार ने चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए है और अस्पताल में घायलों के परिजनों के लिए भी समूचित व्यवस्था की गई है।

राठौड़ ने बताया कि इस दु:खद घटना ने पूरे प्रदेश को हिला कर रख दिया है, और हर नागरिक की संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। हादसे की सूचना के बाद जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सरकार के मंत्रियों ने संवेदना दिखाते हुए घटना स्थल और अस्पताल का निरीक्षण किया तथा चिकित्सा टीम को अलर्ट किया। वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार के साथ केंद्र सरकार ने हादसे में मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता मुहैया करने की घोषणा भी की। राठौड़ ने कहा कि सरकार के साथ हम सभी को, सभी समाजों को हादसे से प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा रहना चाहिए और हर संभव मदद करनी चाहिए।

"हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल" से होगा बेहतर आर्थिक प्रबंधन

जयपुर । डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा ने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि प्रदेश में कृषि क्षेत्र की दिन में बिजली की मांग को पूरा किया जाए। ऐसे में डिस्कॉम्स ने हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल का नवाचार अपनाया है। जिससे बेहतर आर्थिक प्रबंधन कर डिस्कॉम्स प्रदेश में 4097 मेगावाट विकेंद्रित सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना कर सकेंगे और 4268 कृषि एवं घरेलू फीडर के पृथक्कीकरण के काम को गति दे सकेंगे।

डिस्कॉम्स चेयरमैन शनिवार को विद्युत भवन में हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल को लेकर प्रदेश के तीनों विद्युत् वितरण निगमों के अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि यह मॉडल जमीनी स्तर पर विकेंद्रित सोलर संयंत्रों की स्थापना में बड़ा बदलाव लाएगा। इससे विद्युत वितरण निगम किसानों की दिन में सिंचाई के लिए बिजली की आवश्यकताओं को पूरा कर पाएंगे। दिन में बिजली उपलब्ध होने के कारण किसानों को रात में जागकर सिंचाई करने की जरूरत नहीं होगी।

डोगरा ने कहा कि डिसेंट्रलाइज सोलर संयंत्र 33/11 केवी सब स्टेशन से जुड़े होते हैं। जिससे उस फीडर से जुड़े कृषि उपभोक्ताओं को स्थानीय स्तर पर ही सौर ऊर्जा से उत्पादित सस्ती बिजली मिलेगी। इसके साथ ही बिजली की छीजत में भी कमी आएगी। आपूर्ति के लिए सस्ती बिजली उपलब्ध होने से डिस्कॉम्स पर आर्थिक भार को कम किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि हेम मॉडल में विकेन्द्रित सौर ऊर्जा, फीडर पृथक्कीकरण एवं नेटवर्क मैनेजमेंट पर अनुमानित लागत के रूप में 30 हजार करोड़ ऋण अथवा स्वयं के संसाधनों से जुटाना डिस्कॉम्स के लिए संभव नहीं है। ऐसे में हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल वित्तीय लागत का बेहतर प्रबंधन कर प्रदेश में किसानों की बिजली की मांग को पूरा करने की दिशा में कारगर कदम है।

डिस्कॉम्स चेयरमैन ने निर्देश दिए कि आने वाले तीन महीनों में तीनों डिस्कॉम्स में जोनल मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता और अधिशाषी अभियंता ऑफिस सिटिंग की बजाए फील्ड विजिट को प्राथमिकता दें। अधिक छीजत वाले ग्रिड सब स्टेशन, फीडर, सब डिवीजन कार्यालयों का दौरा करें। अपनी फील्ड विजिट में कनिष्ठ अभियंता तथा फीडर इंचार्ज के साथ जमीनी स्तर पर छीजत में कमी लाने तथा बेहतर उपभोक्ता सेवाएं उपलब्ध कराने पर समीक्षा करें। बैठक में जयपुर डिस्कॉम के अतिरिक्त अभियंता (प्रोजेक्ट, प्लानिंग एवं मॉनिटरिंग) आर. के. शर्मा ने प्रजेंटेशन में बताया कि कुसुम कंपोनेंट ए के अंतर्गत राजस्थान में अब तक 602 मेगावाट के पावर परचेज एग्रीमेंट एवं 299 मेगावाट के 230 विकेंद्रित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। जिनसे करीब 40 हजार किसानों को दिन में बिजली सुलभ हो रही है।

सार-समाचार

डॉ.सिलोनी थापर अध्यक्ष निर्वाचित

जयपुर । रोटरी क्लब जयपुर के चुनाव 20 दिसंबर को रोटरी भवन में निर्वाचन अधिकारी रो. डॉ. एस. के. जैन के सानिध्य में संपन्न हुए, जिसमें रो. डॉ. सिलोनी थापर रोटरी सत्र 2027- 28 के लिए अध्यक्ष निर्वाचित हुई। रोटरी सत्र 2025-26 के अध्यक्ष रो. सीए दुर्गेश पुरोहित के नेतृत्व में उपाध्यक्ष पद पर रो. अजीत कुमार बंसल एवं रॉ. अशोक शर्मा, सचिव रो. आर. सी. गुप्ता, सयुंक्त सचिव रो. डॉ. पल्लवी सिंघवी, कोषाध्यक्ष रो. सुभाष हिम्मतरामका एवं निदेशक मंडल में रो. शिल्पा बेंद्रे, रो. नवीन कोठारी, रो. महेंद्र कुमार शर्मा, रो. उजास जैन, रो. सागर बेन्द्रे एवं रॉ. सुरेन्द्र जैन पारस बतौर निदेशक निर्वाचित हुए। शांतिपूर्ण चुनाव करने के लिए सह चुनाव अधिकारी मोजैज फिलेमन एवं वर्तमान अध्यक्ष रो. गिरधर माहेश्वरी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

सुपर 60 गायकों ने श्रोताओं का दिल जीता

जयपुर । देवरञ्जनी म्यूजिक स्कूल के बैनर तले सुपर-60 क्लब के गायक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत बॉलीवुड रेट्रो गीतों ने उपस्थित श्रोताओं का दिल चुरा लिया। मौका था क्लब के एनुअल कॉन्सर्ट दी विंटेज इयर्स के सातवें संस्करण का जो जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में शनिवार को आयोजित किया गया। चोर मचाये शोर नाम से हुए इस कार्यक्रम में 1940, 50 और 60 के दशक के वे गीत प्रस्तुत किये गए जिसमें चोरी, लूट और डाका का जिक्र हो, फिर चाहे वो दिल चुराने का मामला हो या चैन लूटने का। कोरियोग्राफर विक्रांत के निर्देशन में गीतों के साथ पेश रेट्रो नृत्य ने कार्यक्रम को और निखार दिया। कार्यक्रम में गीतों की प्रस्तुति देने वाले सभी कलाकार 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के हैं। इससे पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान के पूर्व महानिदेशक बी.एल.सोनी, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. डी.पी. अग्रवाल, मशहूर चित्रकार पद्मश्री तिलक गीताई तथा उद्यमी अनिल बजाज और पवन बंसल ने दीप प्रज्वल्लित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सोनी ने कार्यक्रम में माखन चोरी पर आधारित कृष्ण भजन प्रस्तुत किया। डॉ.डी.पी. अग्रवाल ने कहा कि संगीत जीवन में तनाव को कम करने में कारगर साबित होता है। देवरञ्जनी म्यूजिक स्कूल की निदेशक सरिता द्विवेदी ने बताया कि "दि विंटेज इयर्स" कार्यक्रम पिछले सात सालों से सफलतापूर्वकआयोजित किया जा रहा है और इसकी लोकप्रियता में लगातार इज़ाफ़ा हुआ है। इस अवसर पर सुपर 60 क्लब के वरिष्ठतम सदस्यों तुषार घोष और मृदुला सक्सेना को सम्मानित किया गया। चोर मचाये शोर कार्यक्रम में सरिता द्विवेदी, तुषार घोष, मृदुला सक्सेना, देवेंद्र सिन्हा, अजय कल्ला, जया कल्ला, रेणु माथुर, अरुणा जैन, प्रेम भारती, पुखराज गांधी, सुरेश ग्रोवर,अशोक वाधवा, चंदा वाधवा, आलोक माथुर, अर्चना माथुर, विक्टर मोटवानी, हरीश गहलोत, पुष्पेंद्र माथुर, दीपक हिरन, हरीश खत्री, एम् एम् जोशी, जे पी मल्होत्रा, रूपा शर्मा और अनुसूया गुप्ता ने अपने गीतों से दर्शकों के दिल लूटा।

कैनवास पर उकेरी नृत्य मुद्राएं

जयपुर । भरतनाट्यम, कत्थक, बेले जैसी ट्रेडिशनल और वेस्टर्न डांस फॉर्म्स की मुद्राएं और हरकतों को बारीकी से कैनवास पर उकेरा। कुछ ऐसा ही नजारा था जवाहर कला केंद्र के सुकृति और सुरेख आर्ट गैलरी में शुरू हुई आर्ट एग्जीबिशन आरम्भम और सुरम्य का। शहर में स्थित द अटेलिएर्स हब आर्ट स्टूडियो की ओर से आयोजित हुए पहले एनुअल एग्जीबिशन में लगभग 70 पेंटिंग्स डिस्प्ले की गई जिसमें आठ यंग आर्टिस्ट्स ने अपनी क्रिएटिविटी शोकेस की। साथ ही आर्टिस्ट हेमल कंकरवाल ने भी अपने पहले सोलो शो में जीवंत भावनाओं का अनावरण किया। 23 दिसंबर तक चलने वाली चार दिवसीय कला प्रदर्शनी में योगेंद्र सिंह, शिवानी गुर्जर, मोहित राठौड, सलोनी सोनी, पूजा प्रजापत, प्रियंका सोखल, ख़ुशी मीणा और युवराज सिंह ने चारकोल और ऑइल पेंटिंग के माध्यम से आस्था, शक्ति, संस्कृति और सभ्यता को अपनी कलाकृतियों में दर्शाया।

दूध के टैंकर ने पिकअप को टक्कर मारी

जयपुर । एमएनआईटी चौराहे पर शनिवार अलसुबह एक तेज रफ्तार दूध टैंकर ने पिकअप को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप पलट गई। इससे सड़क पर गाजर ही गाजर फैल गई। पिकअप गाजर लेकर मुहाना मंडी जा रही थी, इसी दौरान यह हादसा हो गया। पुलिस के अनुसार अलसुबह करीब 3.50 बजे एमएनआईटी चौराहे पर एक तेज रफ्तार दूध के टैंकर ने पिकअप को टक्कर मार दी। टक्कर से पिकअप पलट गई। इससे पिकअप में भरी गाजर सड़क पर फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने क्रेन की मदद से पिकअप को सीधा किया। पिकअप ने दोनों वाहनों को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है।

गायत्री महायज्ञ का आयोजन आज

जयपुर । पानीपेच की टीम 39, "जहां चाह वहां राह" जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा सामूहिक श्री गायत्री महायज्ञ का आयोजन 22 दिसंबर को प्रात: 9 से प्रात:11 बजे तक श्री सीताराम जी का मंदिर, गली नंबर 3, नेहरू नगर,पानीपेच, जयपुर में किया जाएगा। मीडिया प्रभारी मनीष केडिया एवं प्रधान ट्रस्टी विष्णु बियानी ने बताया कि 9 कुंडीय महायज्ञ में 51 जोड़ों द्वारा यज्ञ में आहुति दी जाएगी।

भजनलाल सरकार के सुशासन से बौखला गई है कांग्रेस : मंत्री बेढ़म

मंत्री जवाहर सिंह ने किया कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पलटवार

भरतपुर । गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक साल में बेमिसाल काम करते हुए प्रदेश के हर नागरिक को राहत पहुंचाने का काम किया है। आज कांग्रेस के नेता पत्रकार वार्ता में अनर्गल आरोप लगाकर जनता को केवल भ्रमित करने की असफल कोशिश कर रहे हैं। जबकि जनता जनार्दन ने हाल ही में विधानसभा उपचुनाव में पूरी तरीके से कांग्रेस को नकार दिया और भारतीय जनता पार्टी की सरकार के सुशासन पर मुहर लगाते हुए भारी समर्थन दिया।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा के शासन में किसानों को पर्याप्त मात्रा में बिजली और पानी उपलब्ध हो रहा है। किसानों को सम्मान निधि और गेंहू की एमएसपी पर अतिरिक्त बोनस नियमित रूप से देकर उनका आर्थिक सशक्तीकरण किया जा रहा है। जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने किसानों को धोखे के अतिरिक्त कुछ नहीं दिया। अन्नदाता कर्ज के बोझ से दबकर मर गए पर कांग्रेस सरकार ने कोई राहत नहीं पहुंचायी। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार, कुशासन, जातिवाद, तुष्टीकरण की राजनीति ही की है। बेढ़म ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनकी टीम पूरी प्रतिबद्धता के साथ गांव से लेकर शहरों का विकास कर रही है। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे हो या जिला स्तर पर सड़कों का निर्माण, प्रदेश में विश्वस्तरीय सड़क तंत्र विकसित हो रहा है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस सरकार के समय में सड़कों की खस्ता हालत थी। पूर्व मुख्यमंत्री को जोधपुर में हैलिकॉप्टर से यात्रा करनी पड़ी क्योंकि रोड़ पर गड्ढे ही गड्ढे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार होटल टूरिज्म कर अपनी सरकार बचा रही थी। वो सरकार चल कहां रही थी वो तो गिरने से बच रही थी। राज्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू किए, जो धरातल पर उतरेंगे। साथ ही, हमारे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संशोधित पार्वती, कालीसिंध, चंबल परियोजना पर ऐतिहासिक एमओए कर पूर्वी राजस्थान के 21 जिलों की सवा तीन करोड़ जनता को पेयजल देने का काम किया है।

जे.जे.एस. में उमड़े ज्वैलर्स व खरीददार

जयपुर । देश की प्रमुख बी2बी और बी2सी एग्जीबिशन जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस) के दूसरे दिन शनिवार को जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में आभूषण प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी, जिसमें देश के प्रमुख रिटेलर्स शामिल हुए। सीतापुरा के जे.ई.सी.सी. में 23 दिसंबर तक आभूषणों का महाकुंभ आयोजित होगा।

जेजेएस समिति द्वारा विशेष रुप से आमंत्रित किए गए इन रिटेलर्स ने जयपुर की कुंदन-मीना, लाईट-वेट और कलर स्टोन ज्वैलरी में गहरी दिलचस्पी दिखाई। जयपुर के जौहरियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में अंतराष्ट्रीय ज्वैलर्स ने भी जेजेएस में शिरकत की, जिन्होंने पिछले एक वर्ष में जयपुर के बाजार में आए प्रोफेशनल बदलाव को सराहा।

जेजेएस के चेयरमेन विमल चंद सुराणा ने बताया कि इस बार के जेजेएस में रशियन और थाइलैंड के डेलिगेशन ने भी विजिट की और जेजेएस आयोजन समिति के साथ मीटिंग कर जैम्स व ज्वैलरी इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के बारे में विस्तृत चर्चा की।

- **स्थानीय जौहरियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में शामिल हुए अंतराष्ट्रीय ज्वैलर्स**
- **सीतापुरा स्थित जे.ई.सी.सी. में 23 तक चलेगा आभूषणों का महाकुंभ**

शो में महिलाओं व युवतियों ने ज्वैलरी पहनकर देखी और दोबारा आने का मन बनाया। जयपुरवासियों के साथ-साथ शहर आने वाले घरेलू व अंतराष्ट्रीय पर्यटक भी शो में रत्न आभूषणों की विविधता से मंत्रमुग्ध हो गए। आगंतुक स्टॉल ऑनर्स से जुड़े और विभिन्न आभूषणों की दुनिया के बारे में जानकारी प्राप्त की।

हर वर्ष जेजेएस में जयपुर ज्वैलरी डिजाइन फेस्टिवल (जेजेडीएफ) अब जेजेएस की एक खास विशेषता बन चुका है। इसके बारे में जेजेएस के मानद सचिव, राजीव जैन ने बताया कि जेजेएस में हमारा उद्देश्य ज्वैलरी डिजाइनरों और आर्टिजंस को प्रोत्साहित करना और बढ़ावा देना रहा है। जिसे आम ग्राहक देख सकें एवं कारीगरों के हुनर को समझ सकें। इसी उद्देश्य के तहत जेजेएस इस वर्ष सातवीं बार जयपुर ज्वैलरी डिजाइन फेस्टिवल (जेजेडीएफ) की मेजबानी कर रहा है। 'ट्रेडिशन मीट्स इनोवेशन..रूबी रिडिफाइंड' थीम पर आयोजित इस फेस्टिवल में रूबी पर फोकस के साथ पांरपरिक डिजाइनों को नवीनतम दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया जा रहा है। जेजेएस के नवल अग्रवाल ने बताया कि जेजेडीफ के अंतर्गत अनकट-अनफिल्टर्ड डायलॉग नाम से विभिन्न ज्ञानवर्धक सत्रों का भी आयोजन किया गया, जिसमें इंडस्ट्री के विशेषज्ञों की दिलचस्प वार्ताएं शामिल रही। पहला सत्र, अनवीलिंग द वर्ल्ड ऑफ रूबीज, विषय पर जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ अमेरिका के सीनियर मैनेजर ऑफ इंस्ट्रक्शन अर्जुन पंसारी द्वारा आयोजित किया गया।

जयपुर से रानीवाला और अडोर ज्वैलर्स पुरस्कृत

रंगारंग शाम में जे.जे.एस. व इंडियन ज्वैलर डिजाइन अवॉर्ड्स-2024 की पुरस्कृत प्रविष्टियों की घोषणा

जयपुर। देश में रत्नाभूषण क्षेत्र की प्रमुख पत्रिका "इण्डियन ज्वैलर्स" द्वारा अपनी तरह के एक अभिनव जेजेएस-इंडियन ज्वैलर डिजाइन अवॉर्ड्स-2024 का पुरस्कार वितरण प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री वाणी कपूर द्वारा जयपुर के 'अटलांटिस बैंक्वेट, सीतापुरा जयपुर में शुक्रवार शाम को एक रंगारंगी सांस्कृतिक संध्या में किया। इस प्रतियोगिता में पूरे देश के आभूषण निर्माताओं, खुदरा विक्रेताओं एवं डिजाइनरों ने विभिन्न श्रेणियों तथा मूल्य वर्ग में अपनी प्रतिभागी डिजाइन समीक्षा एवं चयन के लिए प्रस्तुत की।

प्रतियोगियों से यह अपेक्षा की गई थी कि वे 113 उत्पाद श्रेणियों में अपने सर्वश्रेष्ठ डिजाइन प्रस्तुत करें। जिनमें से समीक्षा उपरान्त एक हजार प्रविष्टियां अंतिम चयन के लिए निर्णायक मण्डल को प्रस्तुत की गई। निर्णायक मण्डल ने इनमें से 25 प्रविष्टियां पुरस्कार के लिए चुनी गई। इस प्रक्रिया ने ही इसे जौहरियों की पसंद का पुरस्कार बना दिया है।

जेजेएस-इंडियन ज्वैलर डिजाइन अवॉर्ड्स-2024 के विजेता और उप विजेताओं के साथ इंडियन ज्वैलर्स पत्रिका के प्रकाशक और संपादक आलोक काला और बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर मौजूद रहे।

'इण्डियन ज्वैलर्स' पत्रिका के प्रकाशक एवं सम्पादक आलोक काला ने कहा कि "इस वर्ष हम अपने प्रकाशन का 60वां वर्ष मना रहे हैं और यह और भी अच्छा रहा कि हम इस समारोह को जयपुर में ही आयोजित कर रहे हैं जहां से यह प्रकाशन प्रारम्भ हुआ था। हमने पूरे उद्योग के साथ आज समस्त भारत में से चयनित प्रतियोगियों एवं डिजाइनों को पुरस्कृत किया।" अवार्ड समिति के कन्वीनर अर्पित काला ने बताया कि जी.आर.टी. ज्वॅलर्स, चैन्नई -टेम्पल ज्वैलरी के लिए, खुराना ज्वैलरी हाऊस, अमृतसर- बेस्ट ब्राइडल डिजाइन, गोल्ड ज्वॅलरी में एमराल्ड ज्वैल्स इण्डस्ट्री इंडिया लि., कोयम्बटूर, बेस्ट ब्रेसलेट डिजाइन में सावनसूखा ज्वैलर्स, कोलकाता, ए.जे.बी फाईन ज्वैल्स, लखनऊ - बेस्ट नैक्लेस डिजाइन श्रेणी, हाऊस ऑफ स्पर्ष प्रा. लि., मुंबई - डायमण्ड ज्वॅलरी में व जयपुर से रॉयल राजिंग ज्वॅल्स बाई रानीवाला ज्वॅलर्स एवं अडोर ज्वॅल्स विजेता रहे। जयपुर से रानीवाला और अडोर ज्वैलर्स पुरस्कृत हुए। अन्य विजेताओं में संस्कृति ज्वैल्स मुंबई, लक्ष्मी ज्वॅलरी एक्सपोर्ट प्रा. लि., अहमदाबाद, ईरास्वा फाईन ज्वॅलरी, मुंबई, राकां ज्वलर्स पीसी प्रा. लि पूणे शामिल थे।

सेक्सटॉर्शन मामले में युवती सहित तीन गिरफ्तार

जयपुर (कासं) । प्रतापनगर पुलिस ने सेक्सटॉर्शन कर ब्लैकमेल करने की धमकी देकर रुपए ऐंठने के मामले में युवती सहित तीन बदमाशों को ऋतिक, अभिषेक और प्रिया को कोटा शहर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार हसनपुरा एनबीसी कमला नेहरु नगर निवासी मकसुद खान ने मामला दर्ज करवाया कि उसके पास एक लडकी का मैसेज आया था इवेन्ट के काम के लिए बात करने के लिए फोन भी आया, मैसेज भी आया मैने फोन पर बात करके पता पूछा। लड़की ने बताया कि वह वरमाला मैरिज गार्ड चौराहे पर पहुंच गई। वह लड़की के साथ फ्लेट में गया, जहां लड़की अकेली थी, लड़की ने उसे सम्बंध बनाने को कहा। तभी दूसरे कमरे से चार लड़के आ गए और 6 लाख रु. वसूलकर छोड़ा।